**राजस्थान सरकार**
**मंत्रिमण्डल सचिवालय**

क्रमांक प0 30(6) मं.मं./2018 जयपुर दिनांकः–21/5/19

**परिपत्र**

**विषय** :–राज्य सरकार के प्रशासनिक विभागों के वार्षिक प्रगति प्रतिवेदन राजस्थान विधानसभा के आगामी बजट सत्र में **ऑन लाईन** (On Line) किये जाने बाबत।

मंत्रिमण्डल सचिवालय के समसंख्यक परिपत्र दिनांक 27.12.2018, 25.01.2019 तथा 25.01.2019 के माध्यम से समस्त प्रशासनिक विभागों को निर्देशित किया गया है कि वार्षिक प्रगति प्रतिवेदन इस वर्ष के लेखानुदान के उपरान्त आगे आने वाले सत्र, जिसमें बजट पर चर्चा की जानी है, में सत्र आहूत होने के उपरान्त या बजट प्रस्तुत करने से सात दिवस पूर्व, 31 दिसम्बर 2018 तक की सूचना/आंकड़े प्रतिवेदन में सम्मिलित करते हुए 325 प्रतियों में विधानसभा सचिवालय में आवश्यक रूप से पहुंचाने बाबत निर्देशित किया गया था।

राजस्थान विधानसभा द्वारा सूचित किया गया है कि **"विधानसभा सचिवालय में कम्प्यूटरीकरण किये जाने के संबंध में दिनांक 14 मार्च, 2019 को मा0 अध्यक्ष, राजस्थान विधान सभा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में पर्यावरण एवं अनावश्यक आर्थिक वित्तीय भार को दृष्टिगत रखते हुए राज्य सरकार के सभी विभागों/बोर्ड/निगमों/उपक्रमों के वार्षिक प्रगति प्रतिवेदन/प्रशासनिक प्रगति विवरणों को न्युनतम साईज की ग्रे–स्केल में P.D.F. फाईल तैयार कर पैन ड्राईव में मंगवाने के साथ ही 25 प्रतियां मैन्युअली मंगवाने का निर्णय लिया है"।**

इस प्रकार विधानसभा सचिवालय द्वारा प्रशासनिक विभागों से प्राप्त सूचना को माननीय सदस्यों के उपयोगार्थ राजस्थान विधान सभा की वेबसाइट rajassembly.nic.in पर अपलोड कर उपलब्ध करा दिया जायेगा, ताकि अनावश्यक व्यय–भार से बचा जा सकेगा एवं पर्यावरण की दृष्टि से भी उचित होगा।

अतः राजस्थान विधानसभा सचिवालय द्वारा लिये गये उक्त निर्णय के संदर्भ में समस्त प्रशासनिक विभागों को निर्देशित किया जाता है कि वार्षिक प्रगति प्रतिवेदन के संबंध में निम्नानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करावेंः–

1– जिन विभागों/बोर्ड/निगमों/उपक्रमों द्वारा प्रशासनिक प्रतिवेदन विधान सभा सचिवालय को भिजवा जा चुका है, वे न्युनतम साईज की **ग्रे–स्केल** में **P.D.F.**फाईल तैयार कर पैन ड्राईव में विधान सभा को उपलब्ध करावें।

2– जिन विभागों/बोर्ड/निगमों/उपक्रमों की प्रशासनिक प्रतिवेदन विधान सभा सचिवालय को आगामी बजट सत्र से 7 दिवस पूर्व भिजवाने हेतु तैयारी है, वे न्यूनतम साईज की **ग्रे–स्केल** में P.D.F. फाईल तैयार कर पैन ड्राईव के साथ विधान सभा सचिवालय को 25 प्रतियों में मैन्युअली उपलब्ध करावें।

3– जिन विभागों/बोर्ड/निगमों/उपक्रमों द्वारा प्रशासनिक प्रतिवेदन अभी तक तैयार नहीं किया गया है, वे प्रतिवेदन **तत्काल** तैयार कर, न्युनतम साईज की **ग्रे–स्केल** में P.D.F.फाईल तैयार कर पैन ड्राईव के साथ आगामी बजट सत्र से 7 दिवस पूर्व विधान सभा सचिवालय को 25 प्रतियों में मैन्युअली उपलब्ध करावें।

4– पर्यावरण एवं अनावश्यक आर्थिक वित्तीय भार के दृष्टिगत उक्त प्रक्रिया लागू की जा रही हैं। कृपया विस्तृत प्रक्रियात्मक जानकारी के लिये विधान सभा सचिवालय के संबंधित अधिकारी से सीधे ही सम्पर्क करने का कष्ट करें।

कृपया इसे सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान करें।

संलग्न :- विधानसभा सचिवालय पत्र दि. 17.05.19

20/5/19
**(डॉ0 राजेश शर्मा)**
**शासन सचिव**

**प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है:–**

1. समस्त अतिरिक्त मुख्य सचिव/प्रमुख शासन सचिव/शासन सचिव, सचिवालय, जयपुर।
2. प्रमुख सचिव, मुख्यमंत्री, राजस्थान, जयपुर।
3. सचिव, राजस्थान विधानसभा, जयपुर को उनके पत्र क्रमांक एफ.1(7)(3) (1)साशा/विस/2019/15725 दिनांक 17.05.2019 के क्रम में।
4. वरिष्ठ उप सचिव, मुख्य सचिव, राजस्थान, जयपुर।
5. सचिवालय के समस्त अनुभाग/प्रकोष्ठ।
6. समस्त विभागाध्यक्ष।
7. रक्षित पत्रावली।

21/5/2019

**(कैलाश चन्द्र गुप्ता)**
**वरिष्ठ शासन उप सचिव**

127

अत्यावश्यक/आज जारी हो

Website: http://www.rajassembly.nic.in
E-mail: rajassembly@nic.in

☎ : 0141-2744301-20
Fax: 0141-2744333.

# राजस्थान विधान सभा सचिवालय

| प्रेषक:- | प्रेषिति :- |
|---|---|
| सचिव,<br>राजस्थान विधान सभा,<br>जयपुर-302 005 | प्रमुख शासन सचिव,<br>मंत्रिमण्डल सचिवालय,<br>राजस्थान सरकार, जयपुर। |

संख्या: एफ.1(7)(3)(i)साशा/विस/2019/ 15725 जयपुर, दिनांक 17 मई, 2019

Sr. DS Cabinet

विषय :- **राज्य सरकार के प्रशासनिक विभागों के वार्षिक प्रगति प्रतिवेदनों को ऑनलाईन करने के संबंध में।**

महोदय,

उपर्यकिंत विषयान्तर्गत जैसा कि आपको विदित है कि प्रत्येक बजट सत्र में राज्य सरकार के सभी विभागों/बोर्ड/निगमों/उपक्रमों द्वारा वार्षिक प्रगति प्रतिवेदन/प्रशासनिक प्रगति विवरणों की 325 प्रतियां इस सचिवालय को भिजवायी जाती हैं।

विधान सभा सचिवालय में कम्प्यूटरीकरण किये जाने के संबंध में दिनांक 14 मार्च, 2019 को माननीय अध्यक्ष, राजस्थान विधान सभा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में पर्यावरण एवं अनावश्यक आर्थिक वित्तीय भार को दृष्टिगत रखते हुए राज्य सरकार के सभी विभागों/बोर्ड/निगमों/उपक्रमों के वार्षिक प्रगति प्रतिवेदन/प्रशासनिक प्रगति विवरणों को न्युनतम साईज की ग्रे-स्केल में PDF फाईल तैयार कर पैन ड्राइव में मंगवाने के साथ ही 25 प्रतियां मैनुअली मंगवाने का निर्णय लिया है।

उपरोक्तानुसार प्राप्त सूचना को माननीय सदस्यों के उपयोगार्थ राजस्थान विधान सभा की वेबसाइट rajassembly.nic.in पर अपलोड कर उपलब्ध करा दिया जायेगा, ताकि अनावश्यक व्यय-भार से बचा जा सकेगा एवं पर्यावरण की दृष्टि से भी उचित रहेगा।

अत: निदेशानुसार अवगत कराना है कि उपरोक्तानुसार व्यवस्था आगामी बजट सत्र से ही लागू किये जाने हेतु राज्य सरकार के सभी विभागों/बोर्ड/निगमों/उपक्रमों को परिपत्र के माध्यम से स्पष्ट निर्देश प्रसारित कर, की गई कार्यवाही से इस सचिवालय को अवगत कराने का श्रम करें।

भवदीय,

(दिनेश कुमार जैन)
सचिव